# जगत के नाथ से बारिश और जग के कल्याण की कामना

## राजधानी में निकलीं रथयात्राएं, भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा शहर

**निज संवाददाता**

**भोपाल,16 जुलाई. भगवान जगन्नाथ की रथयात्राएं गुरुवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गईं, श्रद्धालुओं ने शहर को भक्तिमय बना दिया.**

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा सुसज्जित रथों में विराजमान रहे और श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया. ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जय जगन्नाथ के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा. इस दौरान भगवान का पूजन-अर्चन कर श्रद्धालुओं ने बारिश और जगत के कल्याण की कामना की. जगदीश मंदिर से परम्परागत महाआरती के बाद रथयात्रा प्रारंभ हुई. महामंडलेश्वर जगदीश दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में यात्रा पॉलीटेक्निक, भारत भवन, कमला पार्क, सोमवारा, भवानी चौक और लखेरापुरा होते हुए खटलापुरा मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई.मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया और साधु-संतों का सम्मान किया.







शांति नगर स्थित गौर मदन गोपाल मंदिर से भी रथयात्रा निकाली गई. मोतियों और फूलों से सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र रहा. भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र नगर भ्रमण पर निकले तो रथ को महापौर मालती राय, पार्षद प्रियंका मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु खींचते नजर आए. पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते रहे.



आयोजन समिति के प्रमोद नेमा ने बताया कि यह रथयात्रा पिछले 42 वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है. उन्होंने बताया कि यात्रा की तैयारियां पांच दिन पहले से शुरू कर दी गई थीं और इस वर्ष भगवान का विशेष श्रृंगार मोतियों से किया गया. रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए. पुलिस और स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं. जगह-जगह पानी और प्रसाद की व्यवस्था की गई.





मानस भवन से श्री कृष्ण चैतन्य प्रेम भक्ति संकीर्तन मंडल द्वारा रथयात्रा निकाली गई. यह यात्रा रोशनपुरा और न्यू मार्केट होते हुए पुन: मानस भवन पहुंची. फूलों से सजे रथ और घोड़ों से सजे तांगे श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे.



आचार्य राममोहन तिवारी ने बताया कि प्रभु से अच्छी वर्षा की कामना की गई है, ताकि किसानों को लाभ मिल सके और सबका कल्याण हो. उन्होंने कहा कि यह यात्रा कई वर्षों से निकाली जा रही है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं. गुरुपाद संकीर्तन और बैंड प्रमुख आकर्षण रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग रहा.

## एक नजर में

### सोमेश के नेत्रों से दो लोगों की जिंदगी होगी रोशन

**संत नगर, 16 जुलाई.** ईदगाह हिल्स, भोपाल निवासी सोमेश दवानी के निधन के बाद उनके परिवार ने उनके नेत्र सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान किए. दिवंगत के पिता जयपाल दास दवानी ने अपने पुत्र की अंतिम इच्छा एवं समाजसेवा की भावना को सम्मान देते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया, जिसकी समाज में सराहना की जा रही है. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा दिवंगत के दोनों नेत्र सुरक्षित प्राप्त किए गए. इन नेत्रों का प्रत्यारोपण अब दो दृष्टिबाधित जरूरतमंद व्यक्तियों को किया जाएगा, जिससे उन्हें नई रोशनी और बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय अब तक 2,348 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर चुका है. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दवानी परिवार के इस प्रेरणादायक निर्णय की सराहना की. उन्होंने कहा कि नेत्रदान महादान है, जो किसी व्यक्ति के निधन के बाद भी दो लोगों के जीवन में उजाला ला सकता है. उन्होंने नागरिकों से भी नेत्रदान का संकल्प लेकर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने की अपील की.



### आपातकालीन स्थितियों से निपटने दिया प्रशिक्षण

**भोपाल,16 जुलाई.** एम्स भोपाल में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जीवन रक्षक तकनीकों की बारीकियां सीखी. इस प्रशिक्षण में एम्स के साथ अन्य संस्थानों के चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी और आईसीयू स्टाफ सहित करीब 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन यानी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया गया. इसके लिए आधुनिक मैनिक्विन और सिमुलेशन उपकरणों का उपयोग किया गया, जिससे वास्तविक स्थिति जैसा अनुभव मिला. विशेष बात यह रही कि प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को बेहतर और व्यावहारिक जानकारी मिली. डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से आपातकालीन समय में मरीजों की जान बचाने की क्षमता और मजबूत होती है. एम्स भोपाल में इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता बढ़े और मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सके. विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी पहलें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाती हैं.

### शतरंज, तलवारबाजी में खिलाड़ियों की परीक्षा

**भोपाल, 16 जुलाई.** जिले की शालेय खेल प्रतियोगिताओं के तहत गुरुवार को शतरंज और तलवारबाजी में खिलाड़ियों ने प्रतिभाएं दिखाई. दानिश नगर स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मुकाबले खेले गए, वहीं टी.टी. नगर स्टेडियम में तलवारबाजी चयन ट्रायल आयोजित हुए. दोनों प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा. आयोजकों के अनुसार शतरंज प्रतियोगिता में जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के बाकी राउंड शुक्रवार को होंगे, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों का चयन अगले चरण के लिए किया जाएगा. तलवारबाजी चयन ट्रायल में सेंट जेवियर्स, द अनंता, स्कॉलर होम, आईईएस सहित कई विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्गों में अपनी चुनौती पेश की. ट्रायल के आधार पर चुने गए खिलाड़ी संभाग स्तरीय शालेय स्पर्धा में भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.

## नगर में आज

**शालाका चित्र प्रदर्शनी**
**समय**-दोपहर 12 बजे से, **स्थान**-जनजातीय संग्रहालय

**जिंदगी एक सफर**
**समय** -शाम 5 :30 बजे से, **स्थान**-गौरांजली सभागार, रवींद्र भवन

**माह का प्रादर्श**
**समय**-सुबह 10 बजे से, **स्थान**-मानव संग्रहालय

**ठुमरी दादरा कार्यशाला**
**समय**-सुबह 11 बजे से, **स्थान**-नूतन कॉलेज

**टैलेंट सर्च**
**समय**- सुबह 11 बजे से, **स्थान**- टीटी नगर स्टेडियम

## राजधानी में क्रिकेटर क्रांति गौड़ का हुआ सम्मान

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 जुलाई. इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर पांच विकेट लेकर टेस्ट ऑनर्स बोर्ड में नाम दर्ज कराने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ का गुरुवार को भोपाल में अलग-अलग संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया.**




खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र और पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी. क्रांति हाल ही में लॉर्ड्स में एक पारी में पांच विकेट लेने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनी हैं. टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सारंग ने कहा कि क्रांति की उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों का लाभ अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिख रहा है.

साई के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने भी उनका स्वागत किया.

## आचार्यश्री की अगवानी करेंगे सात मुनिराज

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 16 जुलाई.** राजधानी में आचार्यश्री समय सागर महाराज ससंघ का 19 जुलाई को मंगल प्रवेश होगा. इस दौरान उनकी मंगल अगवानी 'सप्तऋषि' करेंगे. दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के मुताबिक आचार्यश्री ससंघ की अगवानी और चरणवंदन भोपाल में विराजमान मुनिश्री निर्णय सागर महाराज, संभव सागर महाराज, निस्सीम सागर, संस्कार सागर, गौरव सागर, एलक दया सागर महाराज एवं क्षुल्लक तत्व सागर महाराज मिलकर करेंगे.





कैम्पियन स्कूल में 'कार्मल फीस्ट डे'

**भोपाल, 16 जुलाई.** कैम्पियन स्कूल अरेरा कॉलोनी के लोयला ऑडिटोरियम में गुरुवार को लेडी ऑफ कार्मल का फीस्ट डे ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया. यह फीस्ट डे लेडी ऑफ कार्मल की याद व सम्मान में मनाया जाता है, कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि हेडमिस्ट्रैस सिस्टर रेनिशा एसी, सुपीरियर एवं मैनेजर फादर कपिल खाखा, प्राचार्य फॉदर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., सभी सिस्टर्स द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर की गई. इस दौरान बच्चों ने विशिंग डांस, प्रेयर डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी.

## संत नगर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**नवभारत न्यूज**

**संत नगर, 16 जुलाई. नुक्कड़ वाली माता मंदिर के पं. रवि पटेरिया ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को सकल समाज द्वारा रात्रि 8 बजे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, श्री हनुमान महाराज की महाआरती की जाती है.**

कार्यक्रम में हिंदू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, विहिप के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, जीतू कटारिया, दयाराम मेहर, अनिल बाथम आदि शामिल हुए.



## 'म्यूज़िकल मोज़ैक' के संगीत पर झूमे प्रशिक्षु अफसर

▶ प्रशासन अकादमी में संगीत संध्या का आयोजन

**निज संवाददाता**

**भोपाल,16 जुलाई. प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में गुरुवार शाम 'म्यूज़िकल मोज़ैक' नाम से आयोजित संगीत संध्या में प्रशिक्षु अधिकारियों ने जमकर आनंद लिया और सुरों की धुन पर झूमते नजर आए.**



125वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करीब डेढ़ सौ प्रशिक्षुओं के लिए यह शाम उत्साह से भरी रही. जैसे ही शोमेन एंड रोहित कलेक्टिव बैंड ने प्रस्तुति शुरू की, सभागार तालियों से गूंज उठा. सूफी, गजल और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति हुई. 'दीवानी', 'तोरे नैना' और 'सांसों की माला पे सिमरूं मैं पी का नाम' जैसे गीतों पर कई प्रशिक्षु खुद को रोक नहीं पाए और नाचने लगे. तबले पर हर्षित गंधर्व, कीबोर्ड पर आदित्य साहू, परकशन पर हनी ने प्रस्तुति को और खास बना दिया. प्रशिक्षु अधिकारियों ने इसे अपने प्रशिक्षण के सबसे यादगार पलों में से एक बताया. अकादमी प्रबंधन के अनुसार आगे भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

## मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

**भोपाल, 16 जुलाई. नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र द्वारा स्पर्श भवन स्थित मूक-बधिर बच्चों के विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया.**

इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, स्वागत किया गया. समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने कहा, 'हर बच्चा प्रतिभा का धनी है. यदि वह लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े, तो सफलता निश्चित है.

अतिथि राकेश कुकरेजा ने कहा कि समाज का दायित्व है कि वह दिव्यांग बच्चों को अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करें. आयोजन में तरंग अग्रवाल, रितेश खरे, मनोज, गौरव भार्गव,भगवानदास ढालिया सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे.

**ग्लोबल वार्मिंग** ▶ मैनिट में आधुनिक तकनीक पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

## बढ़ते तापमान से शहरों को 'कूल' रखने मंथन

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 जुलाई. बढ़ते तापमान और कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होते शहरों को अब आधुनिक तकनीक से ठंडा और रहने योग्य बनाया जाएगा. इस दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए मैनिट के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग ने 5 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरुआत की है.**



माता मंदिर स्थित आईटीपीआई भवन में शुरू हुई इस अनूठी कार्यशाला का विषय 'आउटडोर माइक्रोक्लाइमेट एनालिसिस यूजिंग एनवी-मेट सॉफ्टवेयर' है. यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (आईटीपीआई), मप्र रीजनल चैप्टर के सहयोग से किया जा रहा है. जिसमें देश भर से आए आर्किटेक्ट्स, अर्बन प्लानर्स, शोधकर्ता और छात्र सॉफ्टवेयर 'एनवी-मेट' का उपयोग कर शहरों की गर्म हवाओं और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का समाधान निकाला जायेगा. इस सॉफ्टवेयर के जरिए वैज्ञानिक और डेटा आधारित डिजिटल मॉडल तैयार किए जाते हैं, जिससे जलवायु अनुकूल शहरी नियोजन करने में बड़ी मदद मिलती है.

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग उज्जैन के संयुक्त संचालक और आईटीपीआई मप्र के अध्यक्ष विष्णु खरे, मैनिट की डीन डॉ. अनुपमा शर्मा और मैनिट के विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार धोटे भी शामिल हुए. कार्यशाला की समन्वयक डॉ. सुरभि मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला. डॉ. नवीन पराशर ने एनवी-मेट सॉफ्टवेयर की जानकारी दी. 5 दिनों के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड से डेटा जुटाने, सॉफ्टवेयर पर सिमुलेशन करने और प्रोजेक्ट्स पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा.

## भोपाल के तैराकों ने पहले दिन जीते 12 पदक

**भोपाल, 16 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** इंदौर में चल रही 54वीं सब जूनियर और मिनी ग्रुप राज्य तैराकी स्पर्धा के पहले दिन भोपाल के तैराकों ने 12 पदक अपने नाम किए. टीम ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक जीते. भोपाल की ओर से ग्रुप-4 की 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में धवित पाठक और तीशा पंथी ने स्वर्ण पदक, तेजस बाथम और ईशान सिंह सेंगर ने रजत, मौली आहुजा ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक , 400 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता.